प्रश्न सं. [क्र. 2956]

परिशिष्ट - "35"

प्रति,

श्रीमान सदस्य सचिव
म0प्र0 प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड
भोपाल (म0प्र0)

विषयः मेसर्स श्री श्रवण कुमार पाठक, सतरी लाईन स्टोन माइन, रकबा 38.129 हे0 ग्राम सतरी, तहसील रामपुर बघेलान, जिला सतना म.प्र., उत्खनन क्षमता 5,00,000 टी.पी.ए. हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में सम्पन्न लोक सुनवाई दिनांक 07.03.2019 का कार्यवाही विवरण के परिप्रेक्ष्य में खदान स्वीकृत न किये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मेसर्स श्री श्रवण कुमार पाठक, सतरी लाईन स्टोन माइन, रकबा 38.129 हे0 ग्राम सतरी, तहसील रामपुर बघेलान, जिला सतना म.प्र., उत्खनन क्षमता 5,00,000 टी.पी.ए. हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में सम्पन्न लोक सुनवाई दिनांक 07.03.2019 का कार्यवाही विवरण के परिप्रेक्ष्य में खदान स्वीकृत न किये जाने के संबंध में ग्राम सतरी के निवासियों द्वारा जनसुनवाई में अपने कथनों में यह कहा है कि यहां पर बस्ती बसी हुई है, जो फॉरेस्ट के अंतर्गत आती है। खदान प्रबंधन द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ग्राम सतरी स्थित खदान रकबे के पास पूरा गांव बसा हुआ है। खदान स्वीकृति उपरांत ब्लास्टिंग होगी, तो मकानों में दरार आना स्वभाविक है तथा गांव में पानी की कोई कमी नही है, उक्त गांव तीन नदियों से धीरा हुआ है, किन्तु जो ई.आई.ए. रिपोर्ट है, उससे सहमत भी नही है। ग्राम सतरी के मूलनिवासियों द्वारा जनसुनवाई में अपने अपने कथन प्रस्तुत कर असहमति दिये है, जिसकी पुष्टि के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय म0प्र0 प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रीवा रोड मैहर बायपास सतना म0प्र0 द्वारा दिनांक 15/03/2019 की कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ प्रस्तुत है, जो अनुलग्न–1 है।

उपरोक्त कार्यवाही विवरण के साथ ग्राम सतरी लोक सुनवाई की विडियों कैसेट भी कार्यवाही विवरण के साथ प्रस्तुत की जा रही है, जो अनुलग्न–2 है।

उक्त के आलोक्य में यदि खदान स्वीकृत होकर संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है तो स्थानीय ग्रामवासियों का जीना दुभर हो जायेगा, तथा ग्राम सतरी के निवासियों के द्वारा आक्रोसित होकर कोई अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल संभावना है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए खदान को पर्यावरण स्वीकृती निरस्त करने की कृपा करें।

दिनांक 19/06/2019

प्रार्थी

क्षत्रपाल सिंह (छत्तू)
निवासी–आदर्श नगर, हवाई पट्टी रोड,
नागाबाबा मंदिर के पास, सतना जिला
सतना (म0प्र0) मोबा.नं.–9827220510

संलग्न–

1. जनसुनवाई कार्यवाही विवरण विडियोंग्राफी सहित।